# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

**अधिकारी ग्रेड 'बी'/आनीअवि/सांसूप्रवि पदों की – सीधी भर्ती –2017**

**<u>ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका</u>**

## पेपर– I

**परीक्षा का विवरण इस प्रकार है :**

**आनीअवि**

| अनु. क्र. | वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्थशास्त्र | 61 | 100 | 120 मिनट |

1. प्रश्नपत्र में तीन खंडों में कुल 61 प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. खण्ड I तथा II में 1 अंक, 2 अंको या 3 अंको के प्रश्न है तथा खण्ड III में 1 अंक, 2 अंको तथा 4 अंको के प्रश्न है ।
3. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक होंगे । 1 अंक के प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 1/3, 2 अंक के प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 1/2, 3 अंक के प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 1 तथा 4 अंक के प्रश्न के गलत उत्तर के लिए 2 अंक, सभी खंडो के प्रश्नों के लिए, काटे जायेंगे ।
4. उम्मीदवारों कों किसी प्रकार के गणितीय टेबल, इंजीनियरिंग टेबल, केलक्यूलेटर अथवा अन्य संचार उपकरण (सेलफोन सहित) नहीं दिये जायेंगे और न ही उन्हे उनके इस्तेमाल की अनुमति दी जाएगी, यहाँ तक कि, उन्हें अपने पास रखने कि भी अनुमति नहीं दी जायेगी । इस नियम का उल्लंघन करने पर दंड दिया जा सकता हैं ।

**सांसूप्रवि**

| अनु. क्र. | वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 2. | सांख्यिकी | 20 | 100 | 120 मिनट |

**अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 5/3 अंक काट लिए जायेंगे।**

पेपर–I की परीक्षा 17 जून, 2017 को होगी । परीक्षा का समय और स्थान प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है, जिसे उम्मीदवारों को भारतीय रिजर्व बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगां । पेपर I परीक्षा में, बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को पेपर II एवं पेपर III हेतु शॉर्टलिस्ट किया जाएगा । शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के रोल नंबर पेपर–I की परीक्षा के लगभग एक सप्ताह के भीतर भारतीय रिजर्व बैंक की वेब साइट पर प्रकाशित किए जाएंगे ।

पेपर – I हिंदी और अंग्रेजी में द्विभाषी रूप में बनाया जायेगा । उम्मीदवारों को प्रश्नों को हिंदी या अंग्रेजी में चुनने का विकल्प प्राप्त होगा । भाषा के विकल्प का चुनाव परीक्षा के आरंभ में करना होगा । भाषा का विकल्प चुनने के बाद भी आवश्यकतानुसार आप दो भाषाओं के बीच स्विच/टॉगल कर सकेंगे । पेपर–I के प्रश्नपत्र के उत्तर माउस द्वारा सही विकल्प पर क्लिक करके दिए जाएंगे ।

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि उपस्थिति दर्ज कराने, फोटो पहचान प्रमाण की फोटो कापी सहित प्रवेश पत्र जमा कराने, लॉगिंग इन इत्यादि के लिए आपको परीक्षा स्थल पर लगभग 180 मिनट रहना पड़ सकता है । इन 120 मिनट के भीतर आप किसी भी समय किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक सही उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह हाइलाइट हो जाएगा और उसे उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **आपके द्वारा दिए गए प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों में से अंक दंड स्वरूप जैसा की प्रश्न पत्र में दर्शाया गया है, काट लिए जाएंगे।**

3. <u>ऑन–लाईन परीक्षा : परिचालन निर्देश</u>

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।


(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार को सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वत: पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :



आप इस प्रश्न तक नहीं पहुंचे हैं



आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है

रिव्यू के लिए मार्क स्टेट्स महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर को अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा ।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(15) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(16) 120 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वत: सेव कर लिए जाएंगे ।

(17) **कृपया नोट करें :–**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की–बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## 4. <u>सामान्य निर्देश</u> :

(1) कृपया प्रवेश पत्र में दिए गए पंजीकरण क्रमांक, रोल नंबर, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

आपको प्रवेश पत्र जारी किया गया है इसका यह अर्थ नहीं है कि बोर्ड द्वारा आपकी उम्मीदवारी को अंततः स्वीकृति दे दी गई है अथवा परीक्षा के अपने आवेदन में आपके द्वारा भरी गई प्रविष्टियों को बोर्ड ने सत्य और सही मान लिया है । यह नोट कर लिया जाए कि जो उम्मीदवार क्वालीफाई करेंगे, केवल उनके साक्षात्कार के समय पर बोर्ड पात्र उम्मीदवारों की आयु, शैक्षणिक योग्यता, और वर्ग (अनुसूचित जाति/जनजाति/अपिव/निःशक्तजन) आदि का मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सत्यापन करेगा । इसलिए आप कृपया यह नोट कर लें कि यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि आप विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंड की संतुष्टि नहीं करते हैं अथवा आवेदन में आपके द्वारा दी गई जानकारी गलत है तो ऐसी किसी कार्रवाई जिसे बोर्ड/भारतीय रिज़र्व बैंक करना चाहेगा के साथ आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी । आप कृपया नोट कर लें कि प्रवेश पत्र भारतीय रिजर्व बैंक में रोजगार का प्रस्ताव नहीं है ।

(2) **<u>परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।</u>**

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए । (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) कृपया वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और जो पहचान प्रमाण मूलरूप में लाए हो उसकी एक फोटोकापी भी साथ लाएं – यह अनिवार्य है । इन दस्तावेजों के बिना आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने नहीं दिया जायेगा । कृपया यह प्रवेश–पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध निर्धारित फोटो पहचान प्रमाण हैं–पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/ई–आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **पहचान पत्र परीक्षा के दिन पर वैध होना चाहिये । कृपया नोट करें – राशन कार्ड को इस परीक्षा के लिए वैध पहचान–प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** स्टाफ उम्मीदवारों को RBI द्वारा जारी पहचान पत्र लाना होगा । कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसे आपने पंजीकरण के दौरान दिया है) फोटो पहचान प्रमाण पर दिखते नाम से बिल्कुल मिलना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पर विशेष ध्यान दें । प्रवेश पत्र पर और फोटो पहचान प्रमाण में दिए गए नाम में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दी जाएगी ।

(5) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(6) परीक्षा के दौरान गणितीय टेबल, इंजीनियरिंग टेबल, कैल्कुलेटरों (पृथक् या घड़ी के साथ), पुस्तकों, नोट बुकों, लिखित नोट्स, पेजर, सेल फोन (कैमरे की सुविधा सहित या रहित) अथवा ऐसे ही इलेक्ट्रानिक संचार उपकरण आदि के प्रयोग की अनुमति **नहीं** होगी । उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सेल फोन/पेजर सहित कोई भी प्रतिबंधित वस्तु परीक्षा स्थल पर न लाएं क्योंकि उनके सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है । जो उम्मीदवार परीक्षा के दौरान किसी दूसरे उम्मीदवार से/को सहायता लेने/देने सहित किसी अनुचित साधन या कदाचार का सहारा लेते हुए पाया गया, उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा । उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि दूसरा कोई उम्मीदवार उनके उत्तरों की नकल न कर सके ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए पाये गए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ बोर्ड उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(8) आपको अपने साथ एक बाल–पाइंट पेन लाना चाहिए। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है।

(9) जो उम्मीदवार छल रुप धारण करने अथवा ऐसे जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने जिनके साथ छेडछाड की गई हो अथवा ऐसे बयान देने जो गलत या मिथ्या हों अथवा किसी महत्वपूर्ण जानकारी को छुपाने अथवा अन्यथा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु किसी अन्य अनियमित या अनुचित माध्यम का प्रयोग करने अथवा परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयास करने अथवा परीक्षा कक्ष में दुर्व्यवहार करने का दोषी है या जिसे बोर्ड द्वारा दोषी घोषित किया गया है, उसे स्थायी रुप से अथवा विनिर्दिष्ट अवधि के लिए –

  (i) बोर्ड द्वारा उम्मीदवारों के चयन हेतु ली गई किसी परीक्षा में प्रवेश अथवा साक्षात्कार में उपस्थिति से बोर्ड द्वारा, प्रतिबंधित होगा और

  (ii) बैंक द्वारा उसके रोजगार से प्रतिबंधित होगा, और

  (iii) यदि बैंक की सेवा में आ चुका हो, तो उचित नियमों के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई का भागी होगा ।

(10) **<u>निःशक्त व्यक्ति (PWD) के लिए नोट :</u>**

  (i) परीक्षा के प्रत्येक घंटे हेतु बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय केवल उन्हीं निःशक्तजनों को अनुमत किया जायेगा जिन्हें गति सहित लिखने, टाईप करने में शारीरिक रूप से असुविधा हो और जो एक स्क्राइब की सुविधा का उपयोग करते हों । तथापि परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए बीस (20) मिनट का अतिरिक्त/क्षतिपूरक समय, सभी दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को प्रदान किया जाएगा भले ही उन्होंने किसी स्क्राइब का विकल्प अपनाया हो या स्वयं लिखते हों या मैग्नीफायर जैसे उपकरणों की सहायता से स्वयं लिखते हों ।

  (ii) जो दृष्टिबाधित उम्मीदवार बिल्कुल न देख पाते हों या कम देख पाते हों, वे तर्कशक्ति की प्रश्नावली में अवाचिक प्रश्नों को, यदि कोई हों, और संख्यात्मक अभियोग्यता की प्रश्नावली में सारणी/ग्राफ आधारित प्रश्नों, यदि कोई हों, छोड़ सकते हैं। ऐसे उम्मीदवारों को इस भाग के लिए अंक संबंधित टेस्ट के अन्य भागों में प्राप्त समग्र औसत के आधार पर दिए जाएंगे ।

  (iii) जो निःशक्तजन उम्मीदवार, स्क्राइब की सुविधा लेना चाहते हैं, आवश्यक अनुदेशों को **अवश्य** डाउनलोड कर लें और ध्यान से **पढ़** लें । इन्हें RBI की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।

  (iv) ऐसे उम्मीदवार जो स्क्राइब की सुविधा का प्रयोग करना चाहते हैं को एक संयुक्त वचन/घोषणा फार्म जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है, प्रस्तुत करना होगा ।

  (v) सभी दृष्टि बाधित उम्मीदवारों को स्क्रीन पर मैग्नीफायर की सुविधा का प्रयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

(11) परीक्षा की व्यवस्था में कुछ समस्या आने की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता जिससे परीक्षा की डिलिवरी तथा/अथवा परिणाम आने पर प्रभाव पड़ सकता है । ऐसी स्थिति में समस्या को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा जिसमें उम्मीदवारों का स्थानांतरण, परीक्षा में विलंब शामिल हैं । परीक्षा का पुनः आयोजन पूर्णतः भारिबैं सर्विसेज़ बोर्ड/परीक्षा संचालित करने वाले निकाय का निर्णय होगा । पुनः परीक्षा के लिए उम्मीदवारों का कोई दावा नहीं होगा । जो उम्मीदवार स्थानांतरण अथवा विलंब से होने वाली परीक्षा में उपस्थित होना स्वीकार नहीं करेंगे उनकी उम्मीदवरी तुरंत रद्द कर दी जाएगी ।

(12) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की कठिनता स्तर के अंतर को एड़जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(13) किसी भी रूप में परीक्षा की विषयवस्तु अथवा इसमें दी गई कोई जानकारी पूर्णतः अथवा अंशतः किसी भी साधन वाचिक अथवा लिखित, इलेक्ट्रॉनिकली अथवा यांत्रिक रूप से, प्रकट करने, प्रकाशित करने, प्रतिकृति करने, संचारित करने, स्टोर करने अथवा संचारित तथा स्टोर करने में सहायता करने का दोषी पाए जाने अथवा परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज–पत्र को ले जाने अथवा वे उम्मीदवार जिनके कब्जे में अनाधिकृत रूप से परीक्षा सामग्री पाई जाए, पर अभियोग चलाया जाएगा ।

(14) भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवारों के अतिरिक्त सभी उम्मीदवारों को यात्रा एवं अन्य खर्च स्वयं वहन करना होगा । भा.रि.बैं. स्टाफ उम्मीदवार इस संबंध में अपने–अपने कार्यालयों से संपर्क करें । बोर्ड उम्मीदवारों के भोजन/निवास की व्यवस्था नहीं करेगा ।

(15) उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन, सूचना पुस्तिका, प्रवेश पत्र, एवं समय–समय पर अन्वेषकों द्वारा दिए गए ऑनलाइन परीक्षा निर्देशों/दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए । किसी भी निर्देश/दिशानिर्देश का उल्लंघन करने पे आपको दंड दिया जा सकता है ।

## याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) प्रवेश पत्र की मूल प्रति जिस पर फोटो चिपका हुआ हो और फोटो ID कार्ड जैसे कि ऊपर 4(4) बिंदु में उल्लेख किया गया है ।

(2) एक बाल पाइंट पेन ।

आपको शुभकामनाएं